मध्य प्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल-462004

क्रमांक एफ 73-71/2006/20-6 भोपाल, दिनांक 28-06-2006

प्रति,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
प्रीत बिहार, नई दिल्ली ।

विषय:- अशासकीय संस्था ज्ञानसागर एकेडमी, श्यामा मुखर्जी नगर, देवास (म0 प्र0) ------------------------ को सी. बी. एस. ई./~~आई. सी. एस. ई.~~ नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र देने बाबत् ।

=====

राज्य शासन द्वारा अशासकीय संस्था ज्ञानसागर एकेडमी, श्यामा मुखर्जी नगर, देवास (म0 प्र0) ------- को सी. बी. एस. ई./~~आई. सी. एस. ई.~~, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निम्नलिखित शर्तो पर दिया जाता है:-

1. प्रदेश में शिक्षण की जो संस्थाऐं स्थापित हो चुकी है, उनका लाभ प्रदेश के छात्रों एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल को मिल सके इस हेतु संस्था की कार्यकारिणी में म. प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल के प्रतिनिधि/अधिकारी को नामांकित किया जाये ।

(2)- विभिन्न अवसरों पर छात्रों के आयोजित होने वाले सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम तथा अन्य छात्र-शिक्षकों की गतिविधियों के लिये खेल का मैदान छात्रावास भवन सुविधा आदि आवश्यकतानुसार उपलब्ध करायेंगे । इस हेतु संस्था से वचन पत्र लिखाया जाये ।

(3) इन संस्थाओं के संचालन में अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर विभाग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को संस्था का निरीक्षण / जांच करने का अधिकार होगा ।

निरंतर..2पर